प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 06.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- गृह मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल मॉक ड्रिल कराने को कहा है।
- राज्य के कई शहरों में आज से राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की ओर से आवास मेले लगाये जा रहे है।
- उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से लू के हालातों से निपटने के लिए एक्शन प्लान की जानकारी अदालत को मुहैया कराने को कहा है।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आंधी बारिश का दौर जारी –आज कई स्थानों पर आंधी बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट।

......................

गृह मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल मॉक ड्रिल कराने को कहा है। देश के 244 वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक यह सुरक्षा अभ्यास कराने का फैसला किया गया है। केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन आज राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ इस बारे में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे। सुरक्षा अभ्यास का मुख्य उद्देश्य हवाई चेतावनी प्रणालियों, भारतीय वायु सेना के साथ हॉट लाइन या रेडियों संचार व्यवस्था की प्रभावकारिता और नियंत्रण कक्षों की कार्य क्षमता का परीक्षण करना है। इस अभ्यास में विद्यार्थियों सहित सभी नागरिकों को हमले की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने का प्रशिक्षण मिलेगा। मॉक ड्रिल के दौरान महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और सुरक्षित निकासी का अभ्यास भी होगा।

......................

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने वायुसेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख और सेना प्रमुख के साथ भी अलग–अलग बैठकें की। ये बैठकें पहलगाम हमले के मद्देनजर हुई हैं। इस बीच पहलगाम आंतकी हमले के परिदृश्य में केन्द्र सरकार ने एक और कडा कदम उठाते हुए चिनाब नदी के बगलिहार बांध से पाकिस्तान को पानी का प्रवाह रोक दिया है। अब झेलम नदी के किशनगंगा बांध पर भी इसी प्रकार का कदम उठाने की योजना बनाई जा रही है।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तीन दिन के गुजरात दौरे पर है। उन्होंने कल केवडिया में भाजपा सांसदों और विधायकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में भागीदारी की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये प्रशिक्षण शिविर सभी जनप्रतिनिधियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यशाला का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने किया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद नर्मदा नदी के तट पर पूजा–अर्चना की। इसके बाद उन्होंने नदी किनारे स्थित विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थल पहुंचकर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले श्री शर्मा ने वडोदरा में प्रवासी राजस्थान सम्मान समारोह में शिरकत की। उन्होंने कहा कि विश्व के हर कोने में मारवाडी, अपनी कर्मठता, व्यवसायिक कुशलता और दूरदर्शिता से राजस्थान की गौरवशाली परम्परा का परिचय दे रहे है।

......................

प्रदेश में 6 साल से भी अधिक समय से अपने पक्के घर का इंतजार कर रहे परिवारों का सपना अब साकार होने जा रहा है। वर्ष 2018 के आवास प्लस सर्वे में शामिल राज्य के 2 लाख 73 हजार 752 परिवारों को जल्दी ही पक्के आवासों की सौगात मिलेगी।

......................

प्रदेश के कई शहरों में आज से राजस्थान हाउसिंग बोर्ड आवास मेले लगा रहा है। ये मेले जयपुर, जोधपुर, कोटा, बाड़मेर, भीलवाड़ा और बांसवाड़ा शहरों में होंगे। 28 मई तक चलने वाले इन मेलों में इच्छुक लोग बोर्ड की ओर से तैयार मकानों और फ्लैट्स को 50 प्रतिशत तक की छूट के साथ खरीद

सकते हैं। जयपुर में यह शिविर जोबनेर रोड स्थित महला आवासीय योजना में लगाया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड के अनुसार जयपुर में फ्लैट्स की शुरुआती कीमत 4 लाख 70 हजार 500 रुपये तय की गई है। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है और इच्छुक लोग बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। संपत्तियों का आवंटन ई–नीलामी के ज़रिए किया जाएगा।

......................

उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को प्रदेश में लू के हालातों से निपटने के लिए बनाए गए एक्शन प्लान की जानकारी देने को कहा है। अदालत ने मामले में केन्द्र सरकार सहित अन्य से जवाब पेश करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस मुकेश राजपुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए। वहीं अदालत ने इस विषय पर एकलपीठ की ओर से बीते दिनों लिए प्रसंज्ञान को निस्तारित कर दिया है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि लू को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जा चुका है। इसके साथ ही लू सहित जलवायु संरक्षण को लेकर एक्शन प्लान बनाया गया है।

......................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आंधी बारिश का दौर जारी है। कल जोधपुर, उदयपुर, कोटा, और बीकानरे संभाग में अंधड के साथ बारिश हुई। कल जालोर, नागोर और बालोतरा में तेज आंधी आई और बरसात हुई। सलुंबर में तेज अंधड से कई पेड उखड गए और बिजली के खंम्भे गिर गए। इससे कुछ इलाकों में बिजली आपर्ति बाधित रही। भरतपुर के रूपवास के कई गांवों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। उदयपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां भी कहीं–कहीं ओले गिरे। इस बीच बरसात से मौसम खुशगवार हो गया है।

......................

आंधी और बारिश से राज्य में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज जालोर सिरोही उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाडा प्रतापगढ, भीलवाडा, चित्तौडगढ, राजसमंद, बूंदी, बारां, कोटा और झालावाड जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है।

......................

राज्य में विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं के लिए रीको द्वारा 15 मई से भूमि आंवटन का दूसरा चरण शुरू होने वाला है। 15 मार्च से 30 अप्रैल 2025 के बीच राज्य सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाले निवेशक डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट पॉलिसी के तहत भूमि के लिए आवेदन कर सकेंगे। आईपीएल क्रिक्रेट में आज मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात टाईटंस से होगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। इससे पहले कल रात हैदराबाद में डेल्ही कैपिटल्स और सनराईजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला, ब्रेक में तेज बारिश शुरू हो जाने के कारण बाधित रहा। दोनों टीमों को एक–एक अंक मिले, लेकिन सनराईजर्स हैदराबाद प्लेऑफ दौर से बाहर हो गया है जबकि डेल्ही कैपिटल्स पांचवें स्थान पर है।

......................